चिकित्सा मंत्री ने बजट घोषणा के तहत सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति जानी

चिकित्सा मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में विभिन्न वर्गों से आगामी बजट के लिए सुझाव लिए।

■ आगामी वित्तीय वर्ष के बजट के मद्देनजर विभिन्न वर्गों से प्रस्ताव प्राप्त किए

बीकानेर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दो चरणों में बैठक लेते हुए सरकारी कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा आगामी वित्तीय वर्ष के बजट के मद्देनजर विभिन्न वर्गों से प्रस्ताव प्राप्त किए।

जिला प्रभारी मंत्री ने जिले में पेयजल उपलब्धता तथा वितरण की स्थिति, जल जीवन मिशन के तहत घर-घर कनेक्शन, गत वर्ष ग्रीष्मकाल के दौरान जल परिवहन तथा इस वर्ष के संभावित कंटीजेंसी प्लान सहित पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों की प्रगति जानी। प्रभारी मंत्री ने जिले में नए जीएसएस के निर्माण की प्रगति, घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई, आरडीएसएस के तहत प्रगतिरत कार्यों तथा पीएम सूर्य घर एवं कुसुम योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का फीडबैक लिया। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने बजट घोषणा के तहत सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों की प्रगति जानी। प्रत्येक विधानसभा में 15 करोड़ रूपए की सड़कों के कार्यों को अविलम्ब पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पीएमजीएसवाई के तहत स्वीकृत 213 किलोमीटर लम्बी 57 सड़कों एवं 10 अटल प्रगति पथ की प्रगति के बारे में जाना। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंच गौरव अभियान के तहत चयनित पर्यटन स्थल, खेल, उत्पाद और वनस्पति आदि को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के निर्देशानुसार कार्य किया जाए। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विभागवार प्रगति के बारे में जाना।

बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सिद्धि कुमारी ने शहर के मुख्य सड़कों पर केट आइज लगाने और रोड मार्किंग करने तथा वृद्धजन भ्रमण पथ को जयपुर के सेंट्रल पार्क की तर्ज पर विकसित किए जाने की बात कही। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने गेमनापीर रोड पर स्वीकृत जीएसएस शीघ्र शुरू करने तथा रीको की व्यवस्थाओं को उद्यमियों के लिए फ्रेंडली बनवाने के लिए कहा।

कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में 15-15 करोड़ की बजट स्वीकृति के आधार पर 234 कार्य प्रगतिरत हैं। इनमें से कई कार्य पूर्ण भी हो गए हैं। पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों के निर्माण के लिए 117.58 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। जिले में स्वीकृत 10 में से चार अटल प्रगति पथ के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शहर के सार्वजनिक उद्यानों में सुविधाओं का विकास करवाया जा रहा है। बैठक में सुमन छाजेड़, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दूसरे चरण में प्रभारी मंत्री ने आगामी बजट के मध्यनजर विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने हवाई सेवा के विस्तार, ड्राईपोर्ट की घोषणा को क्रियान्वित करने, गैस पाइपलाइन तथा सिरेमिक उद्योग से जुड़े सुझाव रखे। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी ने जिले में स्किल डवलपमेंट ऑफिस खुलवाने, रीको की ओर से उद्यमियों को सस्ती दर पर भूखंड उपलब्ध करवाने तथा अनार खजूर की अलग मंडी स्थापित करने का सुझाव दिया।

राजेन्द्र राठौड़ का 17 जनवरी को अनूपगढ़ दौरा

अनूपगढ़, (कासं)। राजस्थान के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ 17 जनवरी को अनूपगढ़ का दौरा करेंगे। अनूपगढ़ सरपंच यूनियन ने नई ग्राम पंचायतों के गठन में उनकी भूमिका के सम्मान में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम अनूपगढ़ पंचायत समिति में दोपहर एक बजे आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अनूपगढ़ पंचायत समिति में सरपंच यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद पूर्व विधायक पवन दुग्गल ने कहा कि नई ग्राम पंचायतों के गठन से अनूपगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सरपंचों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पूर्व विधायक पवन दुग्गल ने बताया कि अनूपगढ़ और घड़साना पंचायत समिति में नई ग्राम पंचायतों के गठन में राजेन्द्र राठौड़ के साथ-साथ वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अनूपगढ़ सरपंच यूनियन के अध्यक्ष एल.सी. डाबला ने बताया कि 17 जनवरी को राजेन्द्र राठौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अनूपगढ़ पहुंचने पर सामाजिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा।

सार-समाचार

लायंस क्लब ने गरीबों को कंबल बांटे

लायंस क्लब मल्टीविजन ने झुग्गी-झोंपडियों में रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

बीकानेर, (कासं)। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लायंस क्लब बीकानेर मल्टीविजन के तत्वावधान में 11 जनवरी को क्लब के सामान्य सदस्यों द्वारा पुरानी जेल सर्किल क्षेत्र में झुग्गी-झोंपडियों में निवास करने वाले जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। क्लब सदस्यों ने बताया कि इस दौरान वहां मौजूद छोटे-छोटे बच्चे ठंड से ठिठुरते हुए पाये गए, जिस पर क्लब द्वारा ऐसे जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता देते हुए कंबल वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य शीत ऋतु में असहाय एवं गरीब परिवारों को राहत प्रदान करना रहा। कंबल वितरण कार्यक्रम में लायन सुरेश चंद्र भसीन, लायन शशांक सक्सेना, लायन चंद्रकांता सोनी, सृष्टि ठकराल, अंकुर ठकराल, आरिफ खान, लायन राजेंद्र राजपुरोहित, लायन रचना सोनी, लायन नीरज भटनागर, लायन प्रमोद बहादुर सक्सेना, लायन उमाशंकर, लायन डॉ. सुचित्रा कश्यप, लायन विजय शर्मा एवं लायन अरूण जैन ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बताया कि लायंस क्लब बीकानेर मल्टीविजन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्य किए जाते हैं ताकि समाज के वंचित वर्ग को सहायता पहुंचाई जा सके। स्थानीय लोगों ने भी क्लब के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

69 गलत भूमि आवंटन मामले उजागर

बीकानेर, (कासं)। सीमावर्ती क्षेत्र बज्जू में विशेष आवंटन के लिए आरक्षित भूमि का सामान्य में आवंटन का मामला सामने आया है। इससे सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लग गया। इसके लिए तत्कालीन एसडीएम हरी सिंह को दोषी मानते हुए 16सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई है। ऐसे 69 गलत आवंटनों को खारिज करने की तैयारी की जा रही है। बज्जू उपखंड में 2021 से 2023 तक बड़ी संख्या में भूमिहीन कृषकों को जमीनों का आवंटन हुआ था। उस दौरान गजट में प्रकाशित विशेष आवंटन की जमीन भी सामान्य श्रेणी में चहेतों को आंवटित कर दी गई। तहसील में विशेष आवंटन के 486 मामले पेंडिंग पड़े थे। केवल एक किसान को ही विशेष आवंटन हुआ, बाकी 69 को विशेष आवंटन की जमीनें सामान्य में आवंटित कर दी गईं। कुछ मामले पूर्व सैनिकों के भी थे। विधानसभा में सवाल उठाने के बाद सरकार की आंख खुली। राजस्व विभाग ने एडीएम सिटी की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई। जांच के दौरान आवंटन की प्रक्रिया में भारी खामियां पाई गईं। कृषि भूमि का सामान्य या विशेष आवंटन करने के लिए आवंटन कमेटी होती है, जिसमें प्रकरण रखे जाते हैं, लेकिन इस प्रक्रिया को अपनाया ही नहीं गया। तत्कालीन बज्जू एसडीएम के पास कोलायत का भी चार्ज रहा है। आरोप है कि उस दौरान जिप्सम खनन क्षेत्र और कपिल सरोवर के कैचमेंट एरिया में भी जमीनों का आवंटन सामान्य श्रेणी में कर दिया गया। हालांकि शिकायत होने के बाद वह आवंटन निरस्त कर दिए गए थे। इन सभी आवंटनों को खारिज करने की सिफारिश जांच कमेटी ने की है। यदि आरक्षित जमीनों का आवंटन खुली बोली से होता तो सरकार को करोड़ों का राजस्व मिलता। धारा 22(3) के तहत अब तक 49 प्रकरण कलेक्टर कोर्ट में पेश किए जा चुके हैं। बाकी मामले विभिन्न न्यायालयों में वाद में लंबित के कारण तहसील को दस्तावेज नहीं मिल रहे। इस प्रकरण में आवंटन/मोहरबंद आवंटन के लिए आरक्षित भूमि को सामान्य आवंटन श्रेणी में आवंटित करने पर बज्जू के तत्कालीन आवंटन अधिकारी हरी सिंह शेखावत के खिलाफ कार्मिक विभाग ने 16 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी करते हुए अनियमितताओं के तीन बिन्दुओं पर जवाब मांगा है।

खुदाई में कारतूसों का जखीरा मिला

बीकानेर, (कासं)। महाजन में एक अस्पताल की खुदाई में 1100 से ज्यादा जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। अब कारतूस से भरा ये थैला कौन और कब छिपाकर गया, ये जांच का विषय है। दरअसल महाजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे निर्माण कार्य में खुदाई के दौरान मजदूरों को जिंदा कारतूसों का जखीरा मिला। एक बार तो मजदूरों में हड़कम्प मच गया। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। थाना अधिकारी भजनलाल ने बताया कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य के दौरान ट्रैक्टर चलाया जा रहा था। जमीन को समतल करने के लिए चलाए गए ट्रेक्टर आगे बढ़ता, इससे पहले कुछ अटक रहा था। ट्रैक्टर में कुछ फंसा तो मजदूरों ने जाकर देखा तो एक प्लास्टिक का छोटा बोरा (कट्टा) फंसा हुआ था। इसमें कील जैसा कुछ सामान था। खोलकर देखा तो मजदूरों के होश उड़ गए। दरअसल इस कट्टे में जिंदा कारतूस भरे हुए थे। मौके पर मौजूद सभी मजदूर घबरा गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जाकर जब खोलकर देखा गया तो भीतर बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस भरे हुए पाए गए। कारतूसों को अपने कब्जे में लेकर क्षेत्र को सुरक्षित किया। पुलिस ने बताया कि ये एसएलआर (सेल्फ लोडेड रिवॉल्वर) के राउंड बरामद किए हैं। ये कारतूस काफी पुराने है। लम्बे समय से जमीन में दबे होने के कारण इन पर जंग सी लग चुकी है और अब ये कारतूस खराब हो चुके हैं। कारतूसों की संख्या करीब 1100 बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। रावला पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गश्त के दौरान दो युवकों को 10.74 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मादक पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल की गई एक कार को भी जब्त कर लिया है। रावला एसएचओ बलवंत कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसएचओ अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान बीएसएनएल कार्यालय के पास एक खंडहरनुमा दुकान में दो युवक संदिग्ध अवस्था में पाये गए। पूछताछ करने पर एक युवक ने अपना नाम खुशदिल (30) पुत्र बलवंत सिंह और दूसरे ने दिनेश कुमार (31) पुत्र कृष्ण लाल बताया। दोनों युवक रावला के गांव 13 केएनडी के निवासी हैं। पुलिस टीम को संदेह होने पर जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से 10.74 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया और हेरोइन व कार को जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ रावला थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

तीन साल में अरबों रूपयों की 158.500 किग्रा हेरोइन पकड़ी

■ बीकानेर रेंज के जिलों में 10 साल पहले हेरोइन तस्करी का एक भी मामला नहीं था। उसके बाद पाक तस्करों ने बीकानेर और श्रीगंगानगर बॉर्डर पर नजरें गड़ाई और सेफ जोन मानकर यहां हेरोइन की तस्करी शुरू कर दी

बीकानेर, (कासं)। रेंज के जिलों में 10 साल पहले हेरोइन तस्करी का एक भी मामला नहीं था। उसके बाद पाक तस्करों ने बीकानेर और श्रीगंगानगर बॉर्डर पर नजरें गड़ाई और सेफ जोन मानकर यहां हेरोइन की तस्करी शुरू कर दी। अब पिछले तीन साल में अरबों रूपयों की 158.500 किग्रा हेरोइन पकड़ी गई है।

पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय सीमा में लगातार हेरोइन गिराए जाने की घटनाओं को देखते हुए सामने आया कि वर्ष 2015 में बीकानेर जोन के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में हेरोइन बरामदगी का एक भी मामला नहीं था।

हालांकि उससे एक साल पहले वर्ष 2014 में 0.02 किग्रा हेरोइन बरामद हुई थी। वर्ष 2020 तक बीकानेर रेंज में हेरोइन तस्करी के छोटे मामले ही हुए। तब तक पाकिस्तान से पंजाब बॉर्डर पर ही बड़े पैमाने पर तस्करी होती थी। उसके बाद वहां बॉर्डर और स्थानीय तस्करों पर सख्ती के बाद पाकिस्तानियों ने राजस्थान बॉर्डर को सेफ जोन मानते हुए रेगिस्तानी इलाके का रूख कर लिया। खासकर बीकानेर-श्रीगंगानगर के 396 किमी बॉर्डर एरिया से बड़े पैमाने पर तस्करी करने लगे। वर्ष 2021 में तो बीकानेर जिले में खाजूवाला बॉर्डर पर करीब 300 करोड़ रूपए की 54 किलो हेरोइन पकड़ी गई जो पाइप के जरिये भारतीय सीमा में भेजी गई थी। बॉर्डर पर तारबंदी और बीएसएफ की मुस्तैदी के कारण पाक तस्करों ने ड्रोन को हेरोइन भेजने का जरिया बना लिया।

रेंज कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष, 16 में 0.072, 17 में 2.414, 18 में 0.414, 19 में 0.999, 20 में 10.137 और 21 में 60 किग्रा हेरोइन बरामद की गई। उसके बाद वर्ष, 22 में 27.186, 23 में 50.90, वर्ष 24 में 74.24 और वर्ष 25 में 33.226 किग्रा हेरोइन बरामद की गई है। ज्यादातर बीकानेर और श्रीगंगानगर में पाक बॉर्डर पर ही बरामद हुई है। रिटायर्ड एएसपी अरुण आहूजा ने बताया कि पाक तस्करों और स्थानीय खरीदारों में हवाला से होता है लेनदेन। करोड़ों रूपयों की हेरोइन पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये राजस्थान बॉर्डर पर तस्करी की जाती है।

पंजाब में बैठे अपराधी और पाकिस्तान के हेरोइन तस्कर संपर्क में रहते हैं। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये हेरोइन राजस्थान बॉर्डर पर भेजी जाती है और पंजाब के अपराधी डिलीवरी लेने राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में पहुंचते हैं। बीएसएफ और पुलिस ने ऐसे अपराधियों को पकड़ा भी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ की तो उजागर हुआ कि पंजाब के अपराधी और पाक तस्करों में डील होती है।

अवैध डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

बज्जू,(कासं)। रणजीतपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान चक 25 केडब्लयूबी के पास करणेवाला रोड से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से प्लास्टिक के बोरे में 5 किलो अवैध डोडा-पोस्त जब्त किया गया। आरोपी की पहचान गज्जेवाला निवासी हनुमानाराम पुत्र कल्याणराम गोदारा के रूप में हुई है, जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी चंदजीत सिंह भाटी ने बताया कि शनिवार दोपहर बाद वे अपनी टीम के साथ सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गज्जेवाला से करणेवाला रोड पर चक 25 केडब्लयूडी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस के रूकने का इशारा करने पर वह भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास एक काले रंग के कट्टे में भूरे रंग का डंठल और चूरा जैसा पदार्थ मिला। यह पदार्थ अवैध डोडा-पोस्त था, जिसका वजन 5.095 किलोग्राम था। इसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत जब्त कर आरोपी हनुमानाराम को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में आगे की जांच गजनेर थानाधिकारी सीआई राकेश स्वामी करेंगे।

होटल पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े

■ एसपी ऑफिस के पास होटल विवाद, हथियारों की आशंका, 6 से 7 लोग हिरासत में लिए

■ हिरासत में लिए लोगों से पूछताछ जारी जांच के बाद होगी कार्रवाई

बीकानेर, (कासं)। एसपी ऑफिस से करीब दो सौ मीटर दूर स्थित एक होटल को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। होटल पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए, जिससे इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना देर रात की है जब कोटगेट थाना इलाके में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को हिरासत में लिया और हालात पर काबू पाया।

कोटगेट थाना क्षेत्र के सार्दुल सिंह सर्किल के पास जमीन विवाद के चलते एक होटल पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। होटल परिसर और बाहर के हिस्से में दोनों गुटों के लोग आपस में भिड़ गए। इस दौरान सड़क से गुजर रहे लोग डर के कारण वहां से हटने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस का भारी जाब्ता मौके पर पहुंचा। सीओ सिटी अनुज डाल और कोटगेट सीआई धीरेन्द्र सिंह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस की मौजूदगी के बाद हालात धीरे धीरे सामान्य हुए।

सीओ सिटी अनुज डाल ने बताया कि पांडे होटल के बाहर कुछ लोग अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत जाब्ता लेकर मौके पर पहुंची। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार हथियारों की सूचना की पुष्टि अब तक नहीं हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 से 7 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एक पक्ष द्वारा होटल पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कक्कू क्षेत्र में घना कोहरा, तापमान 9 डिग्री

■ आमजन परेशान, रबी फसलों के लिए वरदान साबित

कक्कू, (कासं)। कक्कू और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पिछले कई दिनों से घना कोहरा छाए रहने के कारण पूरा इलाका सफेद चादर में लिपटा हुआ है।

सुबह के समय दृश्यता इतनी कम हो जाती है कि कुछ मीटर दूर तक देखना भी मुश्किल होता है। कोहरे के कारण तापमान गिरकर लगभग 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। घने कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता बहुत कम रही, जिससे वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। सुबह के समय कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ और कामकाजी लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। बाजारों में भी सुबह सन्नाटा पसरा रहा और लोग चाय की दुकानों व चौपालों पर अलाव तापते देखे गए। ठंडी हवाओं के कारण दिनभर सर्दी का असर बना रहा। हालांकि दोपहर बाद कोहरा छंटने के बाद ही सामान्य गतिविधियां शुरू हो पाई। गांव की गलियों से लेकर खेतों तक हर जगह ठंड का प्रभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। दूसरी ओर यह मौसम किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। किसानों के अनुसार, इस सीजन में लगातार मावठ (बारिश) हुई है, जो गेहूं, चना और सरसों सहित रबी की फसलों के लिए अत्यधिक लाभकारी है। खेतों में पर्याप्त नमी बनी रहने से फसलों की बढ़वार तेजी से हो रही है। किसानों का मानना है कि कोहरा और मावठ सोने की बूंदें हैं।

विधवा भाभी ने देवर के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की विधवा महिला ने अपने देवर पर पिछले नौ वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण करने, मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए मामला इस्तगासे से दर्ज हुआ है। उसने आरोपी देवर सहित तीन लोगों पर आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि उसके पति की मृत्यु करीब 10 साल पहले हो गई थी। पति के निधन के बाद वह अपनी ढाणी में रहकर जीवन यापन कर रही थी। इसी दौरान उसके देवर ने उसे सहारा देने और विवाह करने का झांसा दिया। आरोप है कि देवर पिछले 9 सालों से शादी का दिलासा देकर उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा।

गंगा सरोवर कैचमेंट एरिया में 31 की खातेदारी निरस्त करने की तैयारी

■ गंगापुरा के कैचमेंट एरिया में खान विभाग की ओर से अन्य खातेदारों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हो सकती है, चार एफआईआर गजनेर थाने में दर्ज

बीकानेर, (कासं)। कोलायत तहसील के गंगा सरोवर कैचमेंट एरिया में क्ले का अवैध खनन और निर्गमन कर सरकार को लाखों रूपए का चूना लगाने वाले 31 खातेदारों की खातेदारी निरस्त करने की तैयारी की जा रही है। इसी एरिया में हजारों टन अवैध खनन की चार नई एफआईआर गजनेर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

गंगा सरोवर में सालों तक क्ले का जमकर अवैध खनन और निर्गमन हुआ है। खान एवं भूविज्ञान विभाग ने जहां से अवैध खनन हुआ, उस जमीन के खातेदारों की खातेदारी निरस्त कराने के लिए कोलायत तहसीलदार को पत्र लिखा है। एसएमई एन.के. बैरवा के निर्देश पर एमई धीरज पंवार की ओर से 31 खातेदारों पर अवैध खनन निर्गमन करने किए जाने की जानकारी देते हुए उनकी खातेदारी निरस्त करने के लिए कहा गया है।

इसके अलावा फोरमैन रमेश गहलोत की ओर से गंगापुरा कैचमेंट एरिया में अलग-अलग पिटों से हजारों टन अवैध खनन करने पर खातेदारों के खिलाफ गजनेर पुलिस थाने में चार नई एफआईआर दर्ज कराई है। पूर्व में 22 एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

फोरमैन की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि संतोष कुमार सैनी की ओर से गंगापुरा कैचमेंट एरिया के शिव सुथारान में खसरा नंबर 19 के पिट संख्या 3 से और 20540 टन व 41423 टन बॉल क्ले का अवैध खनन किया गया। शेरसिंह व अन्य ने किशनायतन बुधान में खसरा संख्या 107/15 के पिट संख्या पिट संख्या 4 में 50000 टन और पिट संख्या 5 से 47728 टन बॉल क्ले का अवैध खनन किया गया। गौरतलब है कि गंगापुरा कैचमेंट एरिया में खान विभाग की ओर से अन्य खातेदारों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है।

मनरेगा बचाओ संग्राम देशव्यापी अभियान में कांग्रेस का प्रतीकात्मक विरोध

मनरेगा बचाओ संग्राम देशव्यापी अभियान में जिला कांग्रेस कमेटी देहात व शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गांधी पार्क में उपवास कर प्रतीकात्मक विरोध किया।

बीकानेर, (कासं)। भाजपा-आरएसएस द्वारा मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साज़िश के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर संपूर्ण भारत वर्ष में मनरेगा बचाओ संग्राम जनांदोलन की शुरूआत 10 जनवरी से प्रेसवार्ता से हो चुकी हैं।

इसी कड़ी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर देहात व शहर द्वारा विरोध स्वरूप संयुक्त रूप से उपवास कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल गांधी पार्क पर आयोजित हुआ। उपवास कार्यक्रम के बाद पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किया गया। उपवास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि मोदी सरकार ने वीबी जी राम जी के जरिए काम के कानूनी अधिकार को ही समाप्त कर दिया है। जो मज़दूरों के लिए आखरी सुरक्षा कवच था, लेकिन मनरेगा में बदलाव करने से नये कानून वीबीजीरामजी से बेरोज़गारी में वृद्धि, न्यूनतम मज़दूरी दिए बिना लोगों का श्रम के लिए शोषण, शहरों की ओर मजबूरी में होने वाले पलायन में वृद्धि, पंचायतों की शक्तियां, अधिकार और प्रासंगिकता कम हो जायेगी।

इन्हीं कारणों को लेकर कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ संग्राम की चार मांगों को लेकर देशव्यापी आंदोलन कर रही हैं। मुख्य मांगे जैसे काम की गारंटी, मज़दूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम वेतन 400 रूपये। शहर अध्यक्ष मदनगोपाल ने कहा कि हाजरी और कार्यों के डिजिटल सत्यापन के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप लागू करने की मांग की।

सर्वजातीय सामूहिक विवाह 25 को

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में पहली बार सेवा भारती समिति के तत्वावधान में राम जानकी सर्वजातीय विवाह समारोह होगा। इसके लिए आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के खेल मैदान को सजाया जा रहा है।

सेवाधाम छात्रावास के प्रांगण में आयोजन समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर आर्य के सानिध्य में तैयारियों को लेकर बैठक हुई। आर्य ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची और आडम्बर को रोककर समाज में सकारात्मक संदेश देना है। पंजीकृत जोड़ों की पृष्ठभूमि की जांच और कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने का सुझाव सदस्यों ने दिया। महावीर माली ने वर्तमान शादियों में भोजन की बर्बादी पर चिंता जताते हुए इस पर पूर्ण रोक लगाने का सुझाव दिया। रूपचंद सोनी ने आडम्बर कम करने और कन्याओं को केवल आवश्यक एवं उपयोगी घरेलू सामान उपहार स्वरूप देने की राय दी।

राजस्थान सरकार
कार्यालय खनि अभियन्ता खान एवं भू विज्ञान विभाग, बीकानेर
क्रमांक: खअ/बीक/जिप्सम परमिट/202333091/2025-26/152 दिनांक: 09/01/2026
जिप्सम परमिट नामान्तरण बाबत् विज्ञप्ति
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में स्वीकृत निम्नांकित जिप्सम परमिटधारी की मृत्यु हो चुकी है, अतः राजपत्र अधिसूचना खनिज रियायत नियमावली 2017 के नियम 76 (3) के अनुसार जिप्सम परमिटधारी के वारिसान द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निम्नांकित जिप्सम परमिट का नामान्तरण करने का निवेदन किया गया है। जिप्सम परमिट नामान्तरण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेज इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में दर्ज करावे, निर्धारित समयावधि पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व नामान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

क्र.सं.	रेफरेन्स नं.	क्षेत्र	खनिज	मृतक खनन पट्टाधारी जिसके नाम से खनन पट्टा धृत है	मृत्यु की दिनांक	मृतक के वारिसानों के नाम एवं मृतक से संबंध		वसि नामे द्वारा सहमति उत्तराधिकारी का नाम जिसके पक्ष में नामान्तरण प्रस्तावित है		वि.वि.
						नाम	मृतक से संबंध	नाम	मृतक से संबंध	
1	202333091	मुरब्बा/खसरा नं. 68/31 निकट ग्राम 14 पीबी(बी) तहसील खाजूवाला जिला बीकानेर	जिप्सम	श्री जयसिंह पुत्र श्री नन्दराम	21.09.2025	श्रीमती भंवरी देवी	पत्नि	श्री जयप्रकाश जांगिड़	पुत्र	
						श्रीमती शकुन्तला देवी	पुत्री			
						श्रीमती उर्मिला देवी	पुत्री			
						पार्वती	पुत्री			
						भागेराम	पुत्र			
						जगदीश	पुत्र			
						जयप्रकाश	पुत्र			

(धीरज पंवार) खनिज अभियन्ता, बीकानेर